अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 20 फरवरी 2023
फाल्गुनी अमावस्या
विक्रम संवत-2079

**PAGE NO. 5: MIDDLE**

# बरेली में बनवाएंगे नया औद्योगिक आस्थान, मिलेगी गोरखपुर की उड़ान

## उपमुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखीय योगदान के लिए कई हस्तियों को दिया बरेली उदय उत्कृष्टता सम्मान-2023





अमर उजाला की ओर से बरेली उदय उत्कृष्टता सम्मान 2023 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शहर की प्रतिष्ठित शख्सियतों को सम्मानित किया। *अमर उजाला*

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखीय योगदान के लिए शहर की हस्तियों को बरेली उदय उत्कृष्टता सम्मान-2023 से सम्मानित किया। साथ ही बरेली में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने और गोरखपुर की उड़ान दिलाने का भरोसा दिया।

शहर के साथ अपनी यादें साझा करते हुए कहा कि तेजी के साथ बदल रहा बरेली आने वाले दिनों में विश्वस्तरीय शहर हो जाएगा। सिविल लाइंस स्थित होटल रमाडा में आयोजित सम्मान समारोह में उद्यमियों और विभिन्न क्षेत्र की हस्तियों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि आप उद्योग लगाएं।

हम बेहतर कानून व्यवस्था देंगे। एक इंडस्ट्रियल एरिया की मांग पर उन्होंने कहा कि शासन में बात करेंगे, ताकि अलग से भूमि का अधिग्रहण कर उद्योगों के लिए आवंटित की जा सके।

बरेली से दिल्ली, मुंबई और बंगलूरू तक की हवाई सेवा शुरू होने से विकास के नए आयाम खुले हैं। रविवार को अमर उजाला के ''बरेली उदय'' कार्यक्रम के दौरान शहर के प्रमुख उद्यमियों ने बरेली से गोरखपुर तक हवाई सेवा शुरू करने की मांग की।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने तत्काल मुख्यमंत्री के एसीएस एसपी गोयल को कॉल कर इसकी संभावना पर बात की। एसीएस ने उद्यमियों की ओर से प्रार्थना पत्र मिलने के बाद इस पर मंथन की बात कही। उपमुख्यमंत्री ने मांग पत्र मिलने से पहले ही उड्डयन मंत्रालय के जरिये किसी एयरलाइंस से संपर्क कर उड़ान के लिए सहमत करने को कहा। जल्द ही उड़ान शुरू कराने का आश्वासन भी दिया।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश का क्या हाल था, किसी से छिपा नहीं है। 2017 के बाद हमने इसमें बदलाव किया। खाकी वर्दी का रुतबा बढ़ा। आज अपराधियों में पुलिस का भय है।

इसी बरेली में मैने देखा है कि एक-एक गाड़ी में दस-दस बंदूकें व रायफल लेकर लोग निकलते थे। सड़क पर धूल और धुआं उड़ाते निकल जाते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है।

प्रदेश के लोगों में कानून का पालन करने की आदत बनती जा रही है। हम कह सकते हैं कि उत्तर प्रदेश सबसे अधिक एक्सप्रेस-वे और हवाई अड्डे वाला प्रदेश है। कुछ दिनों बाद प्रदेश में 17 हवाई अड्डे होंगे। सर्वाधिक विकसित प्रदेश के रूप में उत्तर प्रदेश की पहचान बन रही है।

हम वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ रहे हैं। यूपी सरकार के बजट की चर्चा में उन्होंने कहा कि इसमें प्रदेश के चतुर्मुखी विकास का ढांचा होगा।

आईजी डॉ. राकेश सिंह को उपमुख्यमंत्री ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। देवमूर्ति, डॉ. घनश्याम खंडेलवाल, निवर्तमान मेयर उमेश गौतम व संयुक्त आयुक्त उद्योग ऋषि रंजन गोयल ने जिले में बढ़ते निवेश को उत्साहित करने वाला बताया। संचालन मल्लिका यश अस्थाना ने किया। डॉ. महेंद्र सिंह बासू (जगत फार्मा), मंजीत सिंह बिट्टू (फैशन प्वाइंट), आईएमए अध्यक्ष डॉ. विनोद पागरानी (खुशलोक हास्पिटल), डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी (गंगाचरण हास्पिटल), रोहन (राजश्री ग्रुप), राहुल खंडेलवाल (किप्स स्वीट्स), राजीव तनेजा (एडटेक मीडिया) सहित शहर के तमाम गणमान्य लोगों की कार्यक्रम में की भागीदारी रही।

### ये रहे सहयोगी

रामा श्यामा पेपर्स लिमिटेड, मनिलेम डेकोरेटिव पैनल (बीपी इंडस्ट्रीज), वृंदावन ने बेवरेजेज और वेन्यू पार्टनर होटल रमाडा रहे।



सम्मानित पुलिसकर्मियों के साथ आईजी डॉ. राकेश सिंह। *अमर उजाला*

### इन्हें किया गया सम्मानित

देवमूर्ति (राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट), डॉ. घनश्याम खंडेलवाल (बीएल एग्रो लिमिटेड), आरके बास (औषधि निर्माता), राजेंद्र अग्रवाल (राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट), गीत सेठी, (बांबे होजरी), पार्थ गौतम (इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी), डॉ. मनीष शर्मा (शिक्षाविद व उद्यमी), रवि गट्टूमल (आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माता), डॉ. नीरज कुमार अग्रवाल (नीरज लाइफ केयर एंड स्टोन सेंटर), शालू यादव (एसआई मंडलीय साइबर थाना), इंद्रनाथ गुप्ता (आरके इंडस्ट्रीज), डॉ. ओपी प्रसाद (प्रसाद हॉस्पिटल), डॉ. निमिषा गुप्ता (पुलकित डायग्नोस्टिक सेंटर), डॉ. गोपाल दत्त (जीडी हॉस्पिटल), अभिषेक अग्रवाल (लोटस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन), डॉ. कविता पांडेय (डॉ. कविता पॉली क्लीनिक), डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल (माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल), दीपमाला पांडेय (शिक्षिका), सारिका सक्सेना (शिक्षिका), शावेज हाशमी (सुरमा कारोबारी), संजय दीक्षित (दीक्षित स्टडी प्वाइंट), विवेक अग्रवाल (मरकरी एजुकेशन), प्रवीण सिंह राणा (इलाईट एकेडमी), मुकेश मिश्रा (एमक्यूब क्लासेज), डॉ. एमके व वसीम (मिशन कोचिंग इंस्टीट्यूट), इंजीनियर गीत सूरी (सूरी एजुकेशनल प्लैनेट), डॉ. सुरेश गंगवार (साईं आई केयर सेंटर), संजय आनंद (नगर अध्यक्ष पंजाबी महासभा सोसाइटी), अशोक अरोड़ा (जिलाध्यक्ष पंजाबी महासभा सोसाइटी), छवि सिंह (महिला थाना की प्रभारी), मीनू तेवतिया (महिला आरक्षी), सैफुद्दीन खान (ग्लोबल प्रोग्रेसिव सॉल्यूशंस), डॉ. हारून इकबाल (मेडिविन क्लीनिक), अभिषेक द्विवेदी (होटल ब्लू बेल/टी-स्पून रेस्टरो एंड कैफे), राजल मेहरोत्रा एवं अर्जुन सिंह (वासुदेव इंफ्रा सिटी प्राइवेट लिमिटेड), हरिओम (आरक्षी कोतवाली बरेली), बलविंदर (आरक्षी थाना बारादरी), सौरभ अग्रवाल (इवेंट मीडिया हब), सत्यम गोयल (रामा आटोमोबाइल्स), छत्रवीर सिंह (अधिवक्ता), सौरभ मेहरोत्रा, शुभांगी, जाह्नवी मेहरोत्रा (होटल रमाडा) और एसआई उमेश त्यागी।



समारोह का शुभारंभ करते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक साथ में वन राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार, पूर्व मेयर उमेश गौतम व अन्य लोग। *अमर उजाला*

### यूरोप से ज्यादा विकास की संभावना उत्तर प्रदेश में

उपमुख्यमंत्री ने बदलते यूपी की तस्वीर पेश करते हुए कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर में जहां महाशिवरात्रि पर पहले 15-20 हजार लोग आते थे, अब कॉरिडोर बनने के बाद डेढ़ लाख लोग आ रहे हैं। कॉरिडोर बनने के बाद सात करोड़ रुपये की आय हुई है। मथुरा, काशी, अयोध्या चारों तरफ भारतीय संस्कृति के नजारे हैं। लोग मानते हैं कि हम भारत में आएंगे, पर उत्तर प्रदेश आए बिना उनका भारत भ्रमण पूरा नहीं होगा। उत्तर प्रदेश की पहचान अपार उर्जा वाले तेजी से आगे बढ़ रहे विकसित राज्य के रूप में होने लगी है। प्रदेश में 24 करोड़ लोग हैं। बड़ा मार्केट है। पूरे यूरोप में उतनी संभावना नहीं है, जितनी अकेले यूपी में है।

### हमने दिया माहौल



पहले उद्योगों के अनुकूल माहौल नहीं था। भाजपा सरकार आने के बाद माहौल बदला। कानून-व्यवस्था की स्थिति ठीक हुई। निवेश बढ़ने लगा। नए उद्योग लग रहे हैं और रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। देश की निगाह उत्तर प्रदेश पर है। उत्तर प्रदेश के साथ बरेली के विकास के लिए रास्ते खुल गए हैं। हाल की इन्वेस्टर्स समिट में आए प्रस्तावों से झलक रहा उद्यमियों का उत्साह सबको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है।

**संतोष गंगवार, सांसद**

### अब कानून का राज



जब भाजपा की सरकार नहीं थी, तब कानून-व्यवस्था भी नहीं थी। अब कानून का राज है। उद्योग लग रहे हैं। हम वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। मौजूदा समय में जो लोग बरेली में उद्योग लगाए हैं, वे नए उद्यमियों को सहयोग के साथ प्रोत्साहन दें तो शहर में उद्योगों का विस्तार होगा। रोजगार के अवसर मिलेंगे। हर क्षेत्र में कारोबार बढ़ेगा। उद्यमियों को कोई समस्या आती है तो मैं समाधान के लिए हमेशा तैयार हूं।

**- अरुण कुमार सक्सेना, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री**